भारत सरकार

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 456

6 अगस्त, 2013 के लिए प्रश्न

गन्ना बकाया

456. श्री राजू शेट्टी:

क्या उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश के सभी राज्यों में किसानों को गन्ना-बकाया का भुगतान कर दिया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) सभी राज्यों, विशेषकर महाराष्ट्र में किसानों को उक्त बकाया का भुगतान कब तक किए जाने की संभावना है?

उत्तर

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(प्रो0 के0वी0 थॉमस)

(क) और (ख): गन्ना (नियंत्रण) आदेश, 1966 में आपूर्ति के 14 दिनों के भीतर गन्ना मूल्य का भुगतान का करना होता है, जिसके न होने पर 14 दिनों से विलंबित अवधि के लिए देय राशि पर 15% प्रतिवर्ष की दर से ब्याज का भुगतान करना होता है। चालू चीनी मौसम 2012-13 के लिए किसानों को 30.06.2013 तक किए गए भुगतान के राज्यवार ब्यौरे अनुबंध पर हैं।

(ग) और (घ): नई आपूर्तियों के आने से और पिछली आपूर्तियों के लिए किए गए भुगतान के कारण बकाया स्थिति में सतत परिवर्तन होता रहता है। इसलिए उस समय को इंगित करना संभव नहीं है जिसमें किसानों को बकायों के भुगतान किए जाने की संभावना होती है।

अनुबंध-1

लोक सभा में दिनांक 06.08.2013 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 456 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित विवरण

चालू वर्ष 2012-13 (30.06.2013 की स्थिति के अनुसार) के दौरान लम्बित गन्ना बकायों को दर्शाने वाला विवरण

(करोड़ रुपये में)

क्र0 सं0	राज्य	देय गन्ना मूल्य 2012-13	भुगतान किया गया गन्ना मूल्य 2012-13	बकाया गन्ना मूल्य 2012-13	बकाया गन्ना मूल्य का प्रतिशत
1	पंजाब	1162.91	1162.91	0.00	0.00
2	हरियाणा	1418.95	1408.91	10.04	0.71
3	राजस्थान	11.65	6.00	5.65	48.50
4	उत्तर प्रदेश	22459.69	18225.09	4234.60	18.85
5	उत्तराखंड	1043.51	667.69	375.82	36.01
6	मध्य प्रदेश	132.64	132.64	0.00	0.00
7	गुजरात	1973.31	1955.37	17.94	0.91
8	महाराष्ट्र	14711.95	14710.95	1.00	0.01
9	बिहार	1451.33	1301.26	150.07	10.34
10	आंध्र प्रदेश	2343.90	2234.41	109.49	4.67
11	कर्नाटक	7756.39	7403.70	352.69	4.55
12	तमिलनाडु	4186.07	3684.70	501.37	11.98
13	ओडिशा	89.23	62.51	26.72	29.95
14	प0 बंगाल	12.53	12.15	0.38	3.03
15	पुडुचेरी	34.93	3.42	31.51	90.21
16	गोवा	17.98	14.23	3.75	20.86
	योग	**58806.97**	**52985.94**	**5821.03**	**9.90**

****